साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि भवन मानचित्र समिति की बैठक दिनांक 16--08--2017 में लिये गये निर्णयानुसार आवेदक को राजस्व ग्राम राठौडों का गुडा मे स्थित भूखण्ड पर न्यास द्वारा दिनांक 27--06--16 को EWS/LIG फ्लेट्स हेतु जारी निर्माण स्वीकृति में से इस्त प्रोजेक्ट हेतु आवश्यक EWS/LIG फ्लेट्स का निर्धारित समयावधि में निर्माण किया जाना आवश्यक होगा।

XV. मुख्यमंत्री जन आवास योजना--2015 के तहत EWS/LIG के फ्लेट्स का ले--आउट प्लान के सम्बन्ध में :--

19. मुख्यमंत्री जन आवास योजना--2015 के तहत साउथ एक्टेंशन स्कीम के भूखण्ड संख्या आर--5 क्षेत्रफल 20000.00 वर्गमीटर में EWS/LIG के 576 फ्लेट्स का ले--आउट प्लान के सम्बन्ध में। प्रार्थी मैसर्स रीथम इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि.।

मुख्यमंत्री जन आवास योजना--2015 के तहत साउथ एक्टेंशन स्किम के भूखण्ड संख्या आर--5 का कुल क्षेत्रफल 2.0 हेक्टर है जिसमें 0.50 हेक्टर डवलपर हेतु रखा जाने वाला भूखण्ड सम्मिलित है। प्रार्थी फर्म द्वारा मुख्यमंत्री जन आवास योजना--2015 के तहत प्रस्तावित भूखण्ड क्षेत्रफल--1.50 हेक्टर पर EWS/LIG के 576 फ्लेट्स का ले--आउट प्लान जारी करने हेतु दिनांक 25--07--2017 को मानचित्र प्रस्तुत किये गये। प्रार्थी मैसर्स द्वारा प्रस्तुत मानचित्र में EWS हेतु 28 ब्लॉक्स में कुल 448 फ्लेट्स तथा LIG हेतु 08 ब्लॉक्स में कुल 128 फ्लेट्स इस प्रकार कुल 576 फ्लेट्स भूतल + तीन तल में प्रस्तावित किये गये है। इनके अलावा प्रस्तुत मानचित्र में सामुदायिक भवन तथा व्यावसायिक (दुकाने) भी प्रस्तावित की गई है।

उक्त भूखण्ड के सामने (पूर्व दिशा में) 60.00 फीट (18.00 मीटर), पीछे (पश्चिम दिशा में) 60.00 फीट (18.00 मीटर) तथा पार्श्व में (दक्षिण दिशा में) 60.00 फीट (18.00 मीटर) चौडी सड़कें प्रस्तावित है।

भूखण्ड पर निर्माण बाबत् तकनीकी मानदण्डों का विवरण निम्नानुसार हैं :--

	मुख्यमंत्री जन आवास योजना--2015 के प्रावधान अनुसार मानदण्ड	आवेदक द्वारा प्रस्तावित मानदण्ड	भिन्नता
(i) आच्छादित क्षैत्र	50.00 प्रतिशत	41.01 प्रतिशत	--
(ii) सेटबेक्स			
सामने	50.00 फीट (15.00 मीटर)	20.00 फीट (06.00 मीटर)	--

Office Address : Saheli Marg, Udaipur (Raj.) Phone No. 0294-2413735 (O) website : www.uitudaipur.org
E-mail : uitudaipur@rediffmail.com

Anit Mathur
XEN, U.I.T.
Udaipur

पीछे	10.00 फीट (03.00 मीटर)	20.00 फीट (06.00 मीटर)	
पार्श्व -1	10.00 फीट (03.00 मीटर)	20.00 फीट (06.00 मीटर)	
पार्श्व–2	10.00 फीट (03.00 मीटर)	20.00 फीट (06.00 मीटर)	–
(iii) एफ ए आर	मानक – 1.33 अधिकतम 2.25 (WithoutBetterment levy)	1.207	
(iv) आवश्यक पार्किंग	EWS हेतु -448 टू–व्हीलर LIG हेतु-256 टू–व्हीलर कुल 704 टू–व्हीलर	सेटबेक क्षेत्र में – 704 टू–व्हीलर कुल ई सी यु – 704 टू–व्हीलर गार्डड पार्किंग – सेटबेक क्षेत्र में – 704 टू–व्हीलर	
(v) ऊंचाई	90.00 फीट (27.45 मीटर)	भूतल सहित 39.36 फीट (12.03 मीटर)	
(vi) लेण्डस्केप	नियमानुसार आवश्यक नही है।		

प्रकरण में EWS/LIG भवन प्रयोजनार्थ कुल 576 फ्लेट्स हेतु भूतल + तीन तल के ले-आउट प्लान स्वीकृति के सम्बन्ध में प्रकरण न्यास की भवन मानचित्र समिति की बैठक दिनांक 16–08–2017 में प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा विस्तृत विचार विमर्श के बाद सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि उक्त भूखण्ड संख्या आर–5 का कुल क्षेत्रफल 2.0 हेक्टर है जिसमें से 0.50 हेक्टर डवलपर हेतु रखा गया क्षेत्र है। अतः प्रकरण में मुख्यमंत्री जन आवास योजना–2015 के तहत प्रस्तावित भूखण्ड क्षेत्रफल–1.50 हेक्टर के आकार एवं न्यूनतम EWS/LIG फ्लेट्स (भूतल + तीन तल) की आवश्यकता अनुसार प्रार्थी फर्म द्वारा प्रस्तुत प्लान उचित है। अतः प्रार्थी फर्म द्वारा प्रस्तुत प्लान को स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। प्रकरण में सेटबेक के सम्बन्ध में प्रकरण पुनः समिति के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत किया गया।

निर्णय :– समिति द्वारा विस्तृत विचार विमर्श के बाद पूर्व बैठक दिनांक 16–08–2017 के निर्णय के कम में सर्व सम्मति से पुनः निर्णय लिया गया कि उक्त भूखण्ड संख्या आर–5 का कुल क्षेत्रफल 02.00 हेक्टर है जिसमें से 0.50 हेक्टर डवलपर क्षेत्र है। अतः प्रकरण में मुख्यमंत्री जन आवास योजना–2015 के तहत प्रस्तावित भूखण्ड क्षेत्रफल 02.00 हेक्टर के आकार को देखते हुए उक्त भूखण्ड क्षेत्रफल 02.00 हेक्टर हेतु सेटबेक सामने (पूर्व दिशा में) 50.00 फीट तथा पीछे एवं पार्श्व में दोनों तरफ 20.00–20.00 फीट के सेटबेक रखे जाने का

Office Address : Saheli Marg, Udaipur (Raj.) Phone No. 0294-2410735 (O) website : www.uitudaipur.org
E-mail : uitudaipur@rediffmail.com

Anit Mathur
XEN, U.I.T.
Udaipur

निर्णय लिया गया जिसमे डवलपर हेतु प्रस्तावित भूखण्ड के पूर्व दिशा मे 50.00 फीट (अग्रसेटबेक) तथा तीनों दिशाओं में 20–20 फीट के सेटबेक निर्धारित किये जाने से EWS/LIG फ्लेट्स के लिए निर्धारित भूखण्ड में चारों ओर 20–20 फीट के सेटबेक रखे गये है। इस प्रकार डवलपर के लिए निर्धारित भूखण्ड एवं EWS/LIG फ्लेट्स हेतु प्रस्तावित भूखण्ड के मध्य 20.00–20.00 फीट (कुल–40.00 फीट) सेटबेक रखे गये है। अतः EWS/LIG फ्लेट्स (भूतल + तीन तल) की आवश्यकता अनुसार प्रार्थी फर्म द्वारा प्रस्तुत प्लान उचित है। अतः प्रार्थी फर्म द्वारा प्रस्तुत प्लान को स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

अन्त मे बैठक धन्यवाद समाप्त हुयी।

(रामनिवास मेहता)
सचिव
नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

(रवीन्द्र श्रीमाली)
अध्यक्ष
नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

क्रमांक : F-7 ( )B-PLAN/MISC/ 1247–1252 दिनांक 27.11.17

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. अध्यक्ष महोदय, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर।
2. सचिव, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर।
3. वरिष्ठ नगर नियोजक, उदयपुर जोन, उदयपुर।
4. अधीक्षण अभियन्ता, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर।
5. तहसीलदार, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर।
6. प्रोग्रामर, नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर को न्यास वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु। (शीर्षक – भवन मानचित्र समिति कार्यवाही विवरण)

(हरिशंकर मेनारिया)
उप नगर नियोजक (सदस्य सचिव)
नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर

Anit Mathur
XEN, U.I.T.
Udaipur